a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

**Exam. Code : 216302**
**Subject Code : 6433**

## M.A. (Hindi) 2nd Semester

## ADHUNIK HINDI KAVYA

### Paper—VI

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

**सूचना**—निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### भाग—क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :— 6×4=24

(अ) मैं तुम्हारी ओर आया हूँ
ओ मेरी छोटी-सी ज्योति !
कभी कुहासे में तुम्हें न देखता भी
पर कुहासे की ही छोटी-सी रूपहली झलमल में
पहचानता हुआ तुम्हारा ही प्रभा-मण्डल।

(ब) द्वीप हैं हम।
यह नहीं है श्राप । यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड में।
वह वृहद भूखंड से हमको मिलाती है।
और वह भूखंड
अपना पितर है।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

(स) परम अभिव्यक्ति
लगातार घूमती है जग में
पता नहीं जाने कहां, जाने कहां
वह है।
इसीलिए मैं हर गली में
और हर सड़क पर
झाँक झाँक देखता हूँ हर एक चेहरा।

(ह) एकाएक मुझे भान होता है जग का,
अखबारी दुनिया का फैलाव,
फंसाव, घिराव, तनाव है सब ओर,
पत्ते न खड़के,
सेना ने घेर ली हैं सड़कें।
बुद्धि की मेरी रज
गिनती है समय की धक् धक्।
यह सब क्या है ?

(य) और बाबूजी ! असल बात तो यह है कि जिंदा रहने के पीछे
अगर सही तर्क नहीं है
तो रामनामी बेचकर या रण्डियों की
दलाली करके रोजी कमाने में
कोई फर्क नहीं है



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

(र) मगर अब चीजों के गलत होने का
पता चल गया है।
एक रिश्ता गलत समय देने लगा है;
उसकी मरम्मत के लिए
घड़ीसाज की दुकान पर जाना
सरासर भूल है।

www.a2zpapers.com

### भाग—ख

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लघुउत्तरापेक्षी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :— 6×4=24

(अ) अज्ञेय की कविता असाध्य वीणा के प्रतिपाद्य पर विचार कीजिए।

(ब) मुक्तिबोध के फैंटेसी विधान पर नोट लिखिए।

(स) धूमिल की जनवादी चेतना पर विचार कीजिए।

(ह) श्री नरेश मेहता का सामान्य परिचय दीजिए।

(य) छायावादोत्तर काव्यांदोलन में अज्ञेय के योगदान पर टिप्पणी लिखिए।

(र) भारत भूषण अग्रवाल का सामान्य परिचय दीजिए।

### भाग—ग

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का दीर्घ उत्तरापेक्षी उत्तर दीजिए :— 16×2=32

(अ) अज्ञेय के काव्य की साहित्यिक विशेषताएं उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) 'अंधेरे में' कविता के कथ्य का विवेचनात्मक परिचय दीजिए।

(स) 'साठोत्तरी हिन्दी कविता और धूमिल' विषय पर विवेचनात्मक निबंध लिखिए।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab